भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3142
दिनांक 13.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

कैलाश मानसरोवर यात्रा

3142. **श्री अबू ताहेर खानः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा के भविष्य में फिर से शुरू होने की संभावना है जिसे सरकार ने 2019 में कोरोना महामारी काल के बाद से कुछ अज्ञात कारणों से बंद कर दिया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक फिर से शुरू किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या भारत सरकार ने उक्त यात्रा के बारे में चीन सरकार के साथ कोई चर्चा की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)

(क) से (घ) भारत सरकार हर साल जून से सितंबर के बीच उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा (1981 से) और सिक्किम में नाथू ला दर्रा (2015 से) के दो आधिकारिक मार्गों के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा का आयोजन करती है। कोविड–19 के प्रकोप और उसके बाद चीन की ओर से यात्रा संबंधी व्यवस्थाओं का नवीनीकरण न किए जाने के बाद 2020 से यह यात्रा नहीं हुई है।

सरकार ने अपने राजनयिक संपर्कों में चीनी अधिकारियों के साथ कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने का मुद्दा उठाया है। हाल ही में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रियो डी जेनेरो में 18 नवंबर 2024 को जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के विदेश मंत्री श्री वांग यी से मुलाकात की। बैठक में कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने पर चर्चा की गई। सरकार चीनी अधिकारियों के साथ अपने संपर्कों में इस मुद्दे को उठाना जारी रखेगी।

*****